PAGE NO.:
DATE:

पाठ 9 अलादीन और जादुई चिराग

कठिन शब्द

आगंतुक

पश्चात

एकलौती

अभ्यस्त

आभूषण

सँकरा

कुशाग्र बुद्धि

हुकुम

अंतर्धान

वस्त्राभूषण

व्यंजन

आलीशान

बहुमूल्य

शहजादी

PAGE NO.
DATE

शब्द	अर्थ
आगंतुक	आनेवाला
पश्चात	बाद में
एकलौता	अकेला
अभ्यस्त	आदी
आभूषण	गहना
सँकरा	संकीर्ण
हठ	ज़िद
जिन्न	भूत-प्रेत
कुशाग्रबुद्धि	तेज दिमाग का
हुक़ुम	आदेश
वस्त्राभूषण	कपड़े और गहने
अंतर्धान	गायब होना
व्यंजन	पकवान
आलीशान	शानदार
शाहजादी	राजकुमारी
बहुमूल्य	कीमती
निद्रादेवी	नींद की देवी

पाठ से प्रश्न

1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
   (क) अलादीन की माँ ने अलादीन के बारे में आगंतुक को क्या बताया?
   (ख) अलादीन ने गुफा में क्या-क्या देखा?
   (ग) अलादीन गुफा से बाहर कैसे निकला?
   (घ) जादूगर ने दीपक के जिन्न को क्या आज्ञा दी?
   (ङ) जादूगर का अंत कैसे हुआ?

2. **प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए।**
   (क) अलादीन किसका बेटा था?
   (i) बढ़ई का ◯ (ii) दर्ज़ी का ✓ (iii) कुम्हार का ◯
   (ख) अलादीन की माँ का नाम क्या था?
   (i) ज़रीना ✓ (ii) अमीना ◯ (iii) सबीना ◯
   (ग) गुफा के अंदर अलादीन क्या देखने में मस्त था?
   (i) दीपक ◯ (ii) खज़ाना ✓ (iii) शेर ◯
   (घ) जिन्न किससे प्रकट हुआ?
   (i) अँगूठी से ◯ (ii) आभूषण से ◯ (iii) दीपक से ✓
   (ङ) शहजादी 'बदर' की शादी किससे हुई?
   (i) जादूगर से ◯ (ii) अलादीन से ✓ (iii) शहजादे से ◯

3. **सही कथनों के आगे सही (✓) का और गलत कथनों के आगे गलत (✗) का निशान लगाइए।**
   (क) अलादीन कुशाग्रबुद्धि लड़का था। ✓
   (ख) जादूगर के पास एक जादुई अँगूठी थी। ✓
   (ग) गुफा के द्वार का मुँह बहुत चौड़ा था। ✗
   (घ) जादूगर ने अलादीन को खज़ाने में से कुछ भी लेने से मना कर दिया। ✗
   (ङ) जादुई चिराग हासिल होने पर अलादीन के पास किसी चीज़ की कमी न रही। ✓

Rajshree
PAGE NO.
DATE

मौखिक प्रश्न

प्र 1 अलादीन कौन था?

उत्तर अलादीन दर्जी का पुत्र था।

प्र 2 आगंतुक ने जरीना को अपना परिचय किस रूप में दिया

उत्तर आगंतुक ने जरीना को अपना परिचय अलादीन के चाचा के रूप में दिया।

प्र 3 जादूगर अलादीन को कहाँ ले गया? उसने अलादीन को कौन-सी चीज़ पहनाई?

उत्तर जादूगर अलादीन को एक गुफा के पास ले गया। उसने अलादीन को एक जादुई अंगुठी पहनाई।

प्र 4 अलादीन ने गुफा के भीतर क्या देखा?

उत्तर अलादीन ने गुफा के भीतर सोना-चाँदी, हीरे-मोती तथा आभूषणों का ढेर देखा।

प्र 5 जादूगर अलादीन से बार-बार क्या माँग रहा था और क्यों?

उत्तर जादूगर अलादीन से बार-बार जादुई दीपक माँग रहा था क्योंकि वह संसार में सबसे ताकतवर और अमीर बनना चाहता था।

(P.T.O)

प्रश्न 6 जिन्न कहाँ से प्रकट हुआ?

उत्तर जिन्न दीपक से प्रकट हुआ।

प्र 7 शहजादी का क्या नाम था?

उत्तर शहजादी का नाम "बदर" था।

प्र 8 अलादीन की माँ उपहार लेकर किसके पास गई?

उत्तर अलादीन की माँ उपहार लेकर बादशाह के पास गई।

प्र 9 जादूगर ने दीपक के जिन्न को कहाँ चलने के लिए कहा?

उत्तर जादूगर ने दीपक के जिन्न को शहजादी सहित महल को अफ्रीका ले चलने के लिए कहा

लिखित प्रश्न - उत्तर

प्र 1 अलादीन की माँ ने अलादीन के बारे में आगंतुक को क्या बताया?

उत्तर अलादीन की माँ ने अलादीन के बारे में आगंतुक को बताया कि एकलौती संतान होने के कारण पहले तो हम लोगों ने उसकी शिक्षा पर अधिक जोर नहीं दिया, अब वह लाड़-प्यार में बिगड़ गया है। न तो वह पढ़ता-लिखता है और न ही कोई काम करता है।

Rajshree
PAGE NO.:
DATE:

प्रश्न2 अलादीन ने गुफा में क्या-क्या देखा?

उत्तर अलादीन ने गुफा में सोना-चाँदी, हीरे-मोती तथा आभूषणों का ढेर देखा।

प्रश्न3 अलादीन गुफा से बाहर कैसे निकला?

उत्तर अलादीन गुफा से बाहर जिन्न की सहायता से निकला।

प्रश्न4 जादूगर ने दीपक के जिन्न को क्या आज्ञा दी?

उत्तर जादूगर ने दीपक के जिन्न को शहजादी सहित महल को अफ्रीका ले चलने की आज्ञा दी।

प्रश्न5 जादूगर का अंत कैसे हुआ?

उत्तर विष मिला हुआ भोजन खाने के बाद जादूगर निद्रादेवी की गोदी में समा गया और उसका अंत हो गया।